श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा

(डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

"शैक्षणिक दल: भ्रमण द्वारा सीखना"

शैक्षणिक भ्रमण दल: रिपोर्ट

सत्र: 2023-24

द्वारा

रक्षा एवं स्त्रातजिकअध्ययन विभाग

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा

शैक्षणिक भ्रमण दल रिपोर्ट

भारत- नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा: कोइलाबास बॉर्डर

शैक्षिक भ्रमण छात्रों को किसी विशेष स्थान या विषय के बारे में अधिक सहयोगात्मक और गहन तरीके से सीखने का मौका प्रदान करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों को समझने के लिए, बाहरी सुरक्षा चुनौती में अंतर-राज्य संबंध एक महत्वपूर्ण पहलू है। भारत पड़ोसी राज्य नेपाल के साथ एक विशाल सीमा रेखा साझा करता है, जो लगभग 1751 किमी लंबी है। यह सीमा एक खुली सीमा है और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत मायने रखती है क्योंकि पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में चीन दिलचस्पी ले रहा है और हमेशा भारत के विपरीत अन्य देशों के साथ साथ नेपाल को भी प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।

चूंकि नेपाल, भारत और चीन के बीच एक अंतस्थ राज्य की तरह है। समय समय पर विभिन्न राजनीतिक उतार चढ़ाव के अन्तर्गत नेपाल के व्यवहार में भी कुछ परिवर्तन दृष्टिगोचर होते रहे हैं।

बी ए/ बी एस सी पंचम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के साथ, यह एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए भारत नेपाल सीमा पर स्थित कोयलाबास बाजार सीमा चौकी और आस पास के क्षेत्र का चुनाव किया गया।

प्रकृति की नैसर्गिक सुंदरता के बीच यह छोटा सा स्थान, नेपाल में माओवादी आंदोलन समस्या के प्रारम्भ होने के पहले काफी समृद्ध क्षेत्र और बाजार हुआ करता था। यह भारत वर्ष के उत्तर प्रदेश राज्य के अन्तर्गत, बलरामपुर जिले के जरवा कस्बे के निकट स्थित है।

छात्र छात्राओं के साथ सम्बन्धित सीमा क्षेत्र पर स्थित सशस्त्र सीमा बल के निरीक्षण चौकी पर अधिकारियों और वीर सैनिकों का कुशल सानिध्य प्राप्त हुआ। सीमा चौकी के अनुभवी निरीक्षक महोदय ने सभी छात्र छात्राओं को पंक्तिबद्ध कराकर सीमा स्तम्भ तक ले जाकर महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। छात्र छात्राओं और शिक्षकों सभी का मन और शरीर अद्वितीय रोमांच से भर उठा। देश की सुरक्षा में लगे, वीर जवानों के साथ कुछ महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक पल बिताना, गर्व की बात महसूस हो रही थी।

यह शैक्षणिक भ्रमण दल किताबों से अलग हटकर कुछ व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने के साथ साथ छात्र छात्राओं के पाठ्यक्रम की दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है।

छात्र छात्राओं के पाठ्यक्रम में अर्धसैनिक बलों से परिचय तथा सीमा विवरण जैसे बिंदु, इस शैक्षणिक भ्रमण के महत्व को और भी बलवती कर देता है।

यह शैक्षणिक भ्रमण दल प्रोफेसर आर बी एस बघेल, विभागाध्यक्ष रक्षा एवं स्त्रात्जिक अध्ययन विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण दल के साथ डा अमित कुमार शुक्ल, असिस्टेंट प्रोफेसर, रक्षा एवं स्त्रात्जिक अध्ययन विभाग तथा दो अतिथि प्रवक्ता डा अनुपमा श्रीवास्तव व श्री सुजीत सिंह ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया। धन्यवाद।

भारत
600
(39)

2024.02.20 10:05

2024.02.20 10:57

2024.02.20 11:19